Code No. **4/1/1**
कोड नं.

Candidates must write the code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- Please check that this question paper contains 8 printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 18 questions.
- **Please write down the serial number of the question before attempting it.**
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 8 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 18 प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

# HINDI
# हिन्दी
## (Course B)
## (पाठ्यक्रम ब)

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum Marks : 100*
*निर्धारित समय : 3 घण्टे ]* *[अधिकतम अंक : 100*

***निर्देश :*** *इस प्रश्नपत्र के चार खण्ड हैं — 'क', 'ख', 'ग', 'घ'। चारों खण्डों के उत्तर देना अनिवार्य है। यथासंभव प्रश्नों के उपभागों के उत्तर क्रमशः लिखिए।*

### खंड 'क'

**1.** (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** में संधि कीजिए :

प्रति + अक्षर। सत् + जन। प्रतीक्षा + आलय। 2

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** का संधि-विच्छेद कीजिए :

नवोदित, चिन्मय, एकैक। 2



www.examrace.com

**2.** (क) निम्नलिखित पदों में से किन्हीं **दो** का समास-विग्रह कीजिए और समास का नाम भी लिखिए :

चक्रधर, रंगमहल, महापुरुष — 2

(ख) निम्नलिखित शब्द-समूहों में से किन्हीं **दो** में समास कीजिए और समास का नाम भी लिखिए :

दो या चार, नीला है कंठ जिसका, दूसरों का उपकार — 2

**3.** (क) शब्द और पद में अंतर, उदाहरण देकर समझाइए : — 2

(ख) (i) निम्नलिखित वाक्यों में से किसी **एक** क्रिया का भेद लिखिए : — 1

- शीला टेनिस खेल रही है।
- तुम अभी चले जाओ।

(ii) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पदों के पद-भेद लिखिए : — 1

आजकल कम्प्यूटर का महत्त्व बढ़ गया है।

(ग) (i) उसके पैर पर पत्थर गिर गया। (रेखांकित का कारक बताइए) — 1

(ii) शिक्षिका कक्षा में पढ़ा रही है। (वचन बदलकर पूरा वाक्य लिखिए) — 1

(iii) गुड़िया, विद्वान (लिंग बदलकर लिखिए) — 1

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों का निर्देशानुसार वाच्य-परिवर्तन कीजिए : — 2

(i) माँ बेटे को दुलार करती है। (कर्मवाच्य में) — 1

(ii) आइए, दौड़ा जाए। (कर्तृवाच्य में) — 1

(iii) नहा रहे हो क्या ? (भाववाच्य में) — 1

**4.** (क) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

(i) दरवाज़े के बाहर खड़े रहो। (अर्थ के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए) — 1

(ii) जो व्यक्ति परिश्रम करता है, उसे सफलता मिलती है।
(रचना के अनुसार वाक्य-भेद लिखिए) — 1

(iii) शायद वह आज आ जाएगा। (निषेधार्थक वाक्य में बदलिए) — 1

(iv) चूंकि वह अपराधी था, इसलिए उसे सज़ा मिली। (संयुक्त वाक्य में बदलिए) — 1

(v) मैं ज्यों ही घर पहुँचा, वर्षा होने लगी। (रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए) — 1

(vi) निम्नलिखित वाक्यों का संश्लेषण एक सरल वाक्य में कीजिए : — 1

- उस मैदान में हरी घास है।
- वहाँ गाएँ चर रही है।
- गाएँ बहुत भूखी हैं।

www.examrace.com

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए : 1+1 = 2

(i) उसके पास शहर भर की समाचार है।

(ii) कृपया आप आने की कृपा करें।

(iii) तुमको क्या होना ?

(ग) यथास्थान उपयुक्त विराम-चिह्न लगाइए : 2

नेताजी ने कहा बहनो और भाइयो हम आपकी सेवा में सदैव तत्पर रहेंगे

## खंड 'ख'

**5.** निम्नलिखित में किसी **एक** विषय पर संकेत-बिन्दुओं के आधार पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) न्यारा प्यारा देश हमारा

- अपना देश : अनोखा देश
- अनोखे प्राकृतिक दृश्य, अनोखा मौसम
- खान-पान, वेश-भूषा
- अनेक धर्म एक संस्कृति
- अनोखी प्रगति
- भारत का भविष्य

(ख) परिश्रम सफलता की कुंजी है

- श्रम का महत्त्व
- सभी जीव-जन्तु निरंतर श्रम करते हैं
- कर्म से ही सफलता : एक उदाहरण
- भाग्य और श्रम
- परिश्रम से आगे बढ़े देश

(ग) दूरदर्शन

- सामान्य परिचय, भारत में दूरदर्शन
- उपयोगिता : शिक्षा, विज्ञान, मनोरंजन, खेल आदि
- हानियाँ : अकर्मण्यता, व्यसन, बच्चों पर दुष्प्रभाव
- गाँव-गाँव में प्रसार-ग्रामीण कार्यक्रम
- दूरदर्शन का भविष्य

www.examrace.com

**6.** प्रधानाचार्य को विद्यालय में अधिकाधिक खेल का सामान मँगाने के लिए अनुरोध करते हुए पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए चुने जाने पर अपने मित्र/अपनी सखी को पत्र लिखकर बधाई दीजिए।

## खंड 'ग'

**7.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य की सभी क्षमताओं का विकास करना है जिनके अन्तर्गत शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और नैतिक सभी सम्मिलित हैं। शिक्षित व्यक्ति अपने शारीरिक विकास का ध्यान रखता है जिससे वह अपने कर्त्तव्यों का सम्यक् परिपालन कर सके। बौद्धिक विकास से अभिप्राय केवल यह नहीं है कि शिक्षित व्यक्ति कुछ तथ्यों को जान लेता है बल्कि यह है कि वह जीवन के सभी क्षेत्रों में ऐसा व्यवहार करता है जो बुद्धि-विरोधी न हो। साहित्य और ललित कलाओं के प्रति अनुराग और उनके स्तर की पहचान को भी शिक्षित व्यक्ति का एक आवश्यक गुण समझा जा सकता है। शिक्षित व्यक्ति वैचारिक स्तर पर भी ऊँचा उठ जाता है। उसका 'स्व' विस्तृत होता है क्योंकि वह स्वहित से अधिक महत्त्व परहित को देता है और देशहित के आगे सब कुछ न्योछावर कर सकता है। केवल साक्षर होना, पढ़-लिख लेना शिक्षित होना नहीं है। यदि हम विनम्र नहीं है, उदार और सहनशील नहीं हैं, देश और समाज को सर्वोपरि नहीं मानते तो हम डिग्रीधारी भले ही हों, शिक्षित कदापि नहीं हैं।

(i) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

(ii) 'स्व' के विस्तृत होने का तात्पर्य समझाइए। 1

(iii) शिक्षित व्यक्ति कैसा व्यवहार करता है ? 1

(iv) पढ़-लिख लेना शिक्षित होना क्यों नहीं है ? 1

**8.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

तुम भारत, हम भारतीय हैं, तुम माता, हम बेटे
किसकी हिम्मत है कि तुम्हें दुष्टता-दृष्टि से देखे ?
ओ माता, तुम एक अरब से अधिक भुजाओं वाली,
सबकी रक्षा में तुम सक्षम, हो अदम्य बलशाली।।
भाषा, वेश, प्रदेश भिन्न हैं, फिर भी भाई-भाई,
भारत की साझी संस्कृति में पलते भारतवासी।

www.examrace.com

सुदिनों में हम एक साथ हँसते, गाते, सोते हैं
दुर्दिन में भी साथ-साथ जगते पौरुष ढोते हैं।।
तुम हो शस्यश्यामला, खेतों में तुम लहराती हो,
प्रकृति प्राणमयि, सामगानमयि, तुम न किसे भाती हो !
तुम न अगर होती तो धरती वसुधा क्यों कहलाती ?
गंगा कहाँ बहा करती, गीता क्यों गायी जाती ?

(i) 'साझी संस्कृति' का क्या भाव है ? 1

(ii) भारतीयों और भारत के बीच कैसा संबंध बताया गया है ? 1

(iii) भारत को अदम्य बलशाली क्यों कहा गया है ? 1

(iv) सुख-दुख के दिनों में भारतीयों का परस्पर व्यवहार कैसा होता है ? 1

## खण्ड 'घ'

**9.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

कविता के मर्मज्ञ और रसिक स्वयं कवि से अधिक महान् होते हैं। संगीत के पागल सुनने वाले ही स्वयं संगीतकार से अधिक संगीत का रसास्वादन करते हैं। यहाँ पूज्य नहीं, पुजारी ही श्रेष्ठ है। यहाँ सम्मान पाने वाले नहीं, सम्मान देने वाले महान् हैं। स्वयं पुष्प में कुछ नहीं है। जो कुछ भी है, हमारी चाह में, हमारी दृष्टि में है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश जिस पाठ से उद्धृत किया गया है, उस पाठ और उसके लेखक का नामोल्लेख कीजिए। 1

(ii) कविता के प्रेमी कवि से महान् कैसे होते हैं ? 2

(iii) प्रशंसक की भावना और दृष्टि किसी को किस प्रकार महान् बना सकती है ? 2

**अथवा**

मुझे उस उत्तराधिकार पर गर्व है जो हमें प्राप्त हुआ है। मैं इस बात को भी भलीभांति समझता हूँ कि मैं भी औरों की तरह उस अटूट श्रृंखला की एक कड़ी हूँ जो स्मृति के परे भारत के अतीत में इतिहास के उषाकाल तक चली जाती है। उस श्रृंखला को मैं कभी नहीं तोड़ना चाहूँगा क्योंकि मैं उसे बहुत बड़ी निधि मानता हूँ और उससे प्रेरणा ग्रहण करता हूँ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से उद्धृत किया गया है, उस पाठ और उसके लेखक का नामोल्लेख कीजिए। 1

(ii) 'अटूट श्रृंखला' का क्या तात्पर्य है ? 2

(iii) भारतीयों को उत्तराधिकार के रूप में अपने पूर्वजों से क्या मिला है ? स्पष्ट कीजिए। 2

www.examrace.com

**10.** 'पहली चूक' पाठ में किन पर व्यंग्य किया गया है और क्यों ? किसी एक प्रसंग पर उल्लेख कीजिए जहाँ कहानी का प्रमुख पात्र महाअज्ञानी प्रतीत होता है। 6

**अथवा**

'सागर-तट के आसपास' पाठ के आधार पर दीघा-चंदनेश्वर और रतनपुर के प्राकृतिक दृश्यों और जनजीवन की विशेषताओं का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

**11.** ''व्यवहार-कुशलता'' पाठ के आधार पर लिखिए कि सामाजिक जीवन में लोकप्रियता कैसे हासिल की जा सकती है ? 5

**अथवा**

'बीमार का इलाज' पाठ के आधार पर डॉक्टर के इस कथन की उदाहरण सहित पुष्टि कीजिए — ''मुझे इस घर में सभी बीमार मालूम होते हैं।''

**12.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2+2 = 4

(क) 'अकेली' पाठ के आधार पर लिखिए कि सोमा बुआ अपनी किस ललक के कारण अपने मृत पुत्र की एकमात्र निशानी बेचने को विवश हो गई ?

(ख) रोहिणी को मिठाई वाले के बारे में जानने की उत्सुकता क्यों थी ? 'मिठाईवाला' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग) 'अपना-अपना भाग्य' कहानी के आधार पर सिद्ध कीजिए कि लड़के की मृत्यु के लिए लेखक और उसके मित्र को भी उत्तरदायी माना जा सकता है।

**13.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

सब तरह से आज जितने देश हैं फूले-फले,
बुद्धि, विद्या, धन, विभव के हैं जहाँ डेरे डले।।
वे बनाने से उन्हीं के बन गए इतने भले,
वे सभी हैं हाथ से ऐसे सपूतों के पले।।
लोग जब ऐसे समय पाकर जनम लेंगे कभी,
देश की औ जाति की होगी भलाई भी तभी।।

(i) कवि और कविता का नाम लिखिए। 1

(ii) देशों की समृद्धि किस रूप में हुई है और क्यों ? 2

(iii) देश और जाति की भलाई के लिए आप क्या-क्या करना चाहेंगे ? 2

www.examrace.com

**अथवा**

ऊँचे शैल शिखर के ऊपर
मंदिर था विस्तीर्ण विशाल,
स्वर्णकलश-सरसिज विहँसित थे
पाकर समुदित रवि-कर ज़ाल।
दीप-धूप से आमोदित था
मंदिर का आँगन सारा,
गूंज रही थी भीतर बाहर
मुखरित उत्सव की धारा।।

(i) कवि और कविता का नाम लिखिए। 1

(ii) सूर्य की किरणें पड़ने से मंदिर की शोभा में क्या निखार आ जाता था ? 2

(iii) मंदिर के आसपास का वातावरण कैसा था ? 2

**14.** 'केवट की चाह' **अथवा** 'हिमालय और हम' कविता का प्रतिपाद्य लगभग 60 शब्दों में लिखिए। 4

**15.** निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 3

छा रहा है किन्तु बाहर भी तिमिर-घन,
गीत मेरे देहरी के दीप सा बन।

**अथवा**

जो रहीम गति दीप की, कुल कपूत गति सोय।
बारे उजियारो लगै, बढे अंधेरो होय।।

**16.** 'प्रियतम' कविता के आधार पर लिखिए कि तैलपात्र लेकर प्रदक्षिणा करते हुए नारद के मन में क्या विचार उठ रहे होंगे ? 3

**17.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर केवल बीस-पच्चीस शब्दों में दीजिए : 2+2+2 = 6

(क) सुश्रुत कौन थे ? आयुर्वेद विज्ञान में उनका क्या योगदान है ?

(ख) 'आदिग्रंथ' किसे कहा जाता है ? उससे संत नामदेव का नाम क्यों जुड़ा है ?

(ग) मार्गी और देशी संगीत में क्या अंतर है ? 'सागर एक सरिताएँ अनेक' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।

(घ) 'स्वामी हरिदास' कौन थे ? उन्हें संगीत स्वामी क्यों कहा गया ?

www.examrace.com

**18.** (क) कालिदास के किन्हीं **दो** ग्रंथों का परिचय देते हुए बताइए कि उन्हें श्रेष्ठ रचनाकार क्यों माना जाता है ? 5

**अथवा**

'गुणवंती' कहानी के आधार पर बताइए कि राजा को नाई की धोखेबाजी का ज्ञान कब और कैसे हुआ ?

(ख) 'भारतीय पर्व' पाठ के आधार पर प्रकृति से संबंधित **दो** महत्त्वपूर्ण पर्वों की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 4

**अथवा**

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में आज़ाद हिंद फौज की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

www.examrace.com